टॉपटेन के छात्र-छात्राओं को कलेक्टर ने किया सम्मानित



## खबर संक्षेप

### विश्व रेडक्रॉस दिवस पर साधारण सभा आज

**रायगढ़।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा रायगढ़ की वार्षिक साधारण सभा की बैठक कलेक्टर एवं अध्यक्ष मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में 8 मई को प्रातः 10 बजे से सृजन सभाकक्षए कलेक्टोरेट रायगढ़ में आयोजित की जाएगी।

### जनरल कोच के यात्रियों को दी जा रही इकोनॉमी मील

**रायगढ़।** भीषण गर्मी को देखते हुए रेलवे प्रबंधन ने ट्रेनों के जनरल कोच में सफर करने वाले यात्रियों को इकोनॉकी मील यानी जनता भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके स्टॉल रायगढ़ रेलवे स्टेशन में भी लगाए गए थे। इस स्टॉल को जनरल कोच पोजिशन के अनुरूप लगाया गया था। ताकि जनरल कोच में सफर करने वाले यात्रियों को इसका सीधा लाभ मिल सके। इन स्टॉलों में यात्रियों को मात्र 20 रूपए में - में पूड़ी-सब्जी अथवा लेमन राइस जैसे भोजन विकल्प उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त यात्रियों की पेयजल आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए 1 लीटर पैकेज्ड पेयजल भी उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे यात्रियों को यात्रा के दौरान आवश्यक खाद्य एवं पेय सामग्री उचित मूल्य पर आसानी से उपलब्ध हो रही है।

### 50 लीटर अवैध शराब के साथ कोचिया गिरफ्तार


**रायगढ़।** चक्रधर नगर पुलिस ने ग्राम एकताल में कार्रवाई करते हुए 50 लीटर अवैध शराब के साथ कोचिए को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने एकताल ग्राम के स्कूलपारा में छापेमार कार्रवाई करते हुए संदीप चौहान पिता सत्यनारायण चौहान के घर में दबिश दी, जहां आरोपी अवैध रूप से महुआ शराब का निर्माण और बिक्री करता पाया गया । इस कार्रवाई में पुलिस ने घर की बाड़ी से दो प्लास्टिक पॉलिथीन में रखी कच्ची महुआ शराब जब्त की। आरोपी संदीप चौहान के विरुद्ध धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

### जिपं सीईओ ने वीसी के माध्यम से दिए निर्देश

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना माई भारत के प्रभावी क्रियान्वयन रायगढ़ जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। जिले के युवाओं को अधिक से अधिक अवसरों से जोड़ने और उन्हें बेहतर करियर की दिशा देने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर पहल की जा रही है। इसी क्रम में आज जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर योजना की प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के प्रत्येक पात्र युवा तक इस योजना की जानकारी पहुंचाई जाए तथा आईटीआई पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों, जनपद एवं नगरीय निकायों के माध्यम से व्यापक प्रचार.प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिकतम युवा इसका लाभ उठा सकें। उल्लेखनीय है कि रायगढ़ जिले में वर्तमान में 1.054 इंटर्नशिप अवसर उपलब्ध हैं, जो देश की प्रतिष्ठित कंपनियों जैसे जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड, एनटीपीसी लिमिटेड, मणप्पुरम फाइनेंस, श्रीराम जनरल इंश्योरेंस तथा गोदावरी पावर एंड इस्पात लिमिटेड में प्रदान किए जा रहे हैं। इन इंटर्नशिप के माध्यम से युवाओं को न केवल वास्तविक औद्योगिक अनुभव मिलेगाए बल्कि उन्हें प्रति माह कम से कम 9 हजार रुपए तक की वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाएगी। यह योजना विशेष रूप से 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के उन युवाओं के लिए लाभकारी हैए जो वर्तमान में फुल.टाइम रोजगार में नहीं हैं और विभिन्न क्षेत्रों में अपने करियर की शुरुआत करना चाहते हैं। विनिर्माण, ऊर्जा, खनन, वित्त, मानव संसाधन एवं संचालन जैसे क्षेत्रों में उपलब्ध ये अवसर युवाओं को कौशल विकास और रोजगार की दिशा में सशक्त बनाएंगे।

## ग्रामीणों ने लगाया गड़बड़ी का आरोप, जिला प्रशासन से की लिखित शिकायत

# 5.21 करोड़ की लागत से बन रहे एनीकट में उद्घाटन से पहले ही पानी का रिसाव





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जनपद पंचायत रायगढ़ के अंतर्गत ग्राम पंचायत बेलरिया में 5 करोड़ 21 लाख की लागत से कुर नदी में एनीकट का निर्माण किया जा रहा है, जो मनमानी और लापरवाही की भेंट चढ़ चुका है। हालात यह है कि उद्घाटन होने से पहले ही एनीकट में कई जगहों से पानी का रिसाव हो रहा है, वहीं अब भी कई तरह के कार्य आधे-अधूरे हैं। अब तो ठेकेदार भी गायब हो गया है। याने ठेकेदार भी काम छोड़ दिया है।

ऐसे में क्षेत्र के किसानों को सिंचाई का लाभ देने के लिए बनाए जा रहे एनीकट का उद्देश्य पूरा होने से पहले ही निर्माण पर पलीता लगता नजर आ रहा है। वहीं दूसरी ओर विभाग के जिम्मेदार अधिकारी सब कुछ सही होना बता रहे हैं। जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत बेलरिया में कुर नदी पर जनवरी 2025 में 5 करोड़ 21 लाख की लागत से एनीकट निर्माण शुरू किया गया और अब इस एनीकट का उद्घाटन होने से पहले ही इसमें कई जगहों से पानी का रिसाव हो रहा है। वहीं दूसरी ओर एनीकट के कई काम अब भी शेष है, जिन्हें पूरा नहीं किया गया है और संबंधित ठेकेदार काम के बीच में गायब हो गया है। ऐसे में ग्रामीणों ने इस एनीकट में पानी के रिसाव की लिखित शिकायत करते हुए जिला प्रशासन से लापरवाही बतरने वाले ठेकेदार व विभागीय अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई और एनीकट के निर्माण को सही तरीके से पूर्ण कराने की मांग की है। बता दें कि कुर नदी में इस एनीकट का निर्माण आस-पास के किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने के नाम पर किया जा रहा है, लेकिन एनीकट के निर्माण पूर्ण होने से पहले ही इसमें कई तरह की खामियां अब नजर आ रही हैं। एनीकट से पानी का रिसाव गड़बड़ियों की पोल खोल रहा है। इस एनीकट में 8 गेट बनाए गए हैं, जिसमें से 4 गेट से और उसकी बाउंड्री से पानी का रिसाव हो रहा है। ऐसे में ग्रामीण अब इन एनीकट निर्माण में गुणवत्ताहीन सामाग्रियों के उपयोग की बात कह रहे हैं। किसानों का कहना है कि ठेकेदार व विभागीय अधिकारियों की लापरवाही की वजह से आने वाले समय में उनकी फसल को नुकसान पहुंच सकता है।

### विभागीय अधिकारियों की नजरों में सब ठीक

इस संबंध में जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता होमेश नायक की मानें तो किसानों की शिकायत के बाद विभागीय टीम ने मौका मुआयना किया था। पहले 4 गेट से पानी का रिसाव हो रहा था, लेकिन सब ठीक है। यानी किसानों को रिसाव नजर आ गया, लेकिन विभागीय टीम या अधिकारियों को इस कार्य में कोई गड़बड़ी ही नजर नहीं आ रही है। उन्होंने तो इस कार्य को पूर्ण तक बता दिया है, जबकि मौके पर अब भी काम अधूरा है।

### पुनः करेंगे शिकायत

ग्रामीणों ने एनीकट निर्माण में सामने आई खामियों को दूर करते हुए काम पूरा करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इस मामले में उचित कार्रवाई नहीं की जाती है तो शासन से इसकी शिकायत करेंगे। ग्रामीणों ने बताया कि काम अधूरा छोड़ कर भागने वाले ठेकेदार पर अब तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई है।

### विनोद मिंज को मिली मोटराइज्ड ट्राई साइकिल

**रायगढ़।** जीवन की छोटी-छोटी जरूरतें भी तब बड़ी चुनौती बन जाती हैंए जब शारीरिक असुविधा के कारण हर कदम दूसरों पर निर्भर होकर उठाना पड़े। लैलूंगा विकासखंड के ग्राम भुइयापानी निवासी विनोद मिंज भी लंबे समय से ऐसी ही कठिनाइयों का सामना कर रहे थे। आवागमन में परेशानी के कारण दैनिक कार्यों के साथ सामाजिक गतिविधियों में शामिल होना भी उनके लिए आसान नहीं था। सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम झगरपुर में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर उनके लिए उम्मीद की नई किरण बनकर सामने आया। शिविर में उन्होंने दिव्यांगजन हेतु मोटराइज्ड ट्राई सायकल उपलब्ध कराने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। आवेदन प्राप्त होते ही समाज कल्याण विभाग ने संवेदनशीलता और तत्परता के साथ आवश्यक प्रक्रिया प्रारंभ की। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक शिवशंकर पांडेय ने बताया कि विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए जनपद पंचायत लैलूंगा में आयोजित कार्यक्रम में जनपद पंचायत सीईओ श्रीमती प्रीति नायडू, गणमान्य नागरिक कृष्ण यादव एवं सरपंच दिनेश भगत के हाथों विनोद मिंज को मोटराइज्ड ट्राई सायकल प्रदान की गई।

## वैज्ञानिक अधिकारियों ने बताए डीएनए, जैविक भौतिक साक्ष्य संकलन व परीक्षण के तरीके

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अपराध एवं मर्ग विवेचना के लिए डीएनए, जैविक एवं भौतिक साक्ष्य संकलन तथा परीक्षण करने रेंज स्तरीय आनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान आईजी की उपस्थिति में वैज्ञानिक अधिकारियों ने पुलिस अधिकारियों को इन सब विषयों पर विवेचना के बेहतर तरीके बताए।

कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग द्वारा किया गया। इस दौरान वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. प्रियंका लकड़ा एवं डॉ. स्वाति कुजुर ने हत्या, हत्या के प्रयास, बलात्कार के प्रकरणों में जब्त प्रदर्शों का डीएनए एवं जैविक भौतिक साक्ष्य संकलन परीक्षण करने को लेकर आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सेंपलिंग के दौरान प्रक्रियात्मक त्रुटि होने पर परीक्षण रिपोर्ट निष्क्रिय प्राप्त होते है। जिसका सीधा लाभ आरोपियों को मिलता है और वे दोषमुक्त हो जाते है। वैज्ञानिक अधिकारी डॉ प्रियंका लकडा ने न्यायालिक डीएनए (फोरेसिंक) पर विस्तार से जानकारी देते हुए न्याय का आधार, अद्वितीय पहचान, साक्ष्य के विविध स्त्रोत, मुख्य उपयोग के बारे में बताते हुए निर्भया केस, तंदूर मर्डर केस, श्रद्धावॉकर केस जैसे चर्चित मामलों का उदाहरण बताते हुए कहा कि इनमें डीएनए साक्ष्य आरोपियों को सजा दिलाने का आधार बने है। इसी प्रकार फोरेसिंक बायोलॉजी पर डॉ. स्वाति कुजूर ने प्रारंभिक परीक्षण जाति पहचान, क्षेत्रीय विस्तार, साक्ष्य संकलन के महत्व और निर्दोषता की सुरक्षा पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। चर्चा के दौरान उन्होंने सावधानी पर भी जोर देते हुए कहा कि डीएनए साक्ष्य एवं जब्त प्रदर्श बहुत संवेदनशील होते हे। नमी, अधिक तापमान ओर बैक्टिरिया इन्हें नष्ट कर सकते है। प्रशिक्षण में एक प्रश्नोत्तर काल भी रखा गया।

### महिला से छेड़खानी और मारपीट ,आरोपी बंदी

**रायगढ़।** घर में घुसकर महिला से छेड़खानी और मारपीट करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



पीड़िता ने बताया कि शशिरंजन द्विवेदी ट्रक चालक है और उसके बेटे से परिचय होने के कारण घर में उसका आना-जाना लगा रहता था। बीते 29 अप्रैल को वह भीतर घुस आया और गलत नियत से महिला का हाथ और बांह पकड़कर छेड़खानी करने लगा। मना करने पर मारपीट कर धमकी देने लगा। । पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 76, 331(5), 115(2) के तहत अपराध दर्ज करते हुए आरोपी शशिरंजन द्विवेदी पिता अखिलेश प्रसाद द्विवेदी 31 वर्ष निवासी कोतरारोड़ को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

## लैब टेक्नीशियन और किसान के सूने मकान में नकद सहित लाखों के जेवरात की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




कापू थाना क्षेत्र में एक किसान और धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र में लैब टैक्निशियन के सूने मकान में अज्ञात चारों ने धावा बोलते हुए नगदी सहित लाखों के सोने-चांदी के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध करते हुए मामले को विवेचना में लिया है।

इस संबंध में कापू थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोढीखुर्द विष्णु राम भगत पिता बुधु राम भगत ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपने निजी काम से बीते 03 मई को रायपुर गया था और 4 मई की रात करीब 10.30 बजे वापस घर लौटा। इस बीच सुबह करीब 6 बजे उसके घर के सामने से गुजर रहे उसके पड़ोसी की नजर घर के मुख्य दरवाजे में टूटे हुए ताले पर पड़ी, तब उसने इसकी सूचना विष्णु को दी। जब वह रात को घर लौटा तो उसने देखा कि घर के सभी दरवाजा का ताला टूटा हुआ था। वहीं घर में रखी आलमारी से सोने का मंगल सूत्र 01 नग, चांदी की पायल 02 सेट, सोने का चेन 01 नग, कान के टॉप्स 04 नग, सोने की रिंग 01 नग, सोने के लकेट 03 नग, चांदी की चेन 01 नग एवं नगद करीब 35 रूपए गायब थे। चोरी गए आभूषणों की कीमत सवा लाख से अधिक आंकी गई है। चोरी के साक्ष्य मिटाने के लिए घर में लगे सीसीटीवी कैमरों के रिसीवर पर को भी चोर ले गए। वहीं दूसरा मामला धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 6 मस्जिदपारा का है। जहां शिवचरण पटेल पिता नीलमणी पटेल ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह आरोग्य हास्पिटल धरमजयगढ में लैब टेक्नीशियन का कार्य करता है। बीते 4 मई की रात करीब 8 बजे वह अपने पैतृक गांव शाहपुर माता-पिता के पास गया था। 5 मई की सुबह करीब 8 बजे जब वह घर लौटा तो घर का मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था और दरवाजा खुला था। घर के भीतर का सारा सामान अस्त व्यस्त पड़ा हुआ था। घर में रखी आलमारी से अज्ञात चोरों ने सोने का अंगूठी 01 नग, चांदी की बिछिया 06 नग, चांदी की पायल 02 जोड़ी, 03 नग मोबाईल और 26 हजार रूपए नगद चोरी कर ले गए। चोरी गए आभूषण व मोबाइल की कीमत करीब 50 हजार रूपए से अधिक आंकी गई है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 331(4), 305 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

## पुसौर के औरदा पहुंची सुशासन की टीम, ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से किया लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



गांव-गांव तक पहुंच कर आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में आयोजित सुशासन तिहार लोगों के लिए राहत और भरोसे का बड़ा माध्यम बनता जा रहा है।

इसी क्रम में आज पुसौर विकासखण्ड के ग्राम औरदा स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल परिसर में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी, 22 ग्राम पंचायतों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएंए मांगें और आवेदन प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत किए, जिनमें से कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शिविर में 800 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। वहीं विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ, प्रमाण.पत्र, सहायता राशि एवं सामग्री वितरित की गई जिससे ग्रामीणों में उत्साह के साथ शासन के प्रति विश्वास और भी मजबूत हुआ। शिविर में जनपद पंचायत से संबंधित 273, पंचायत विभाग के 227 तथा राजस्व विभाग के 165 आवेदन प्राप्त हुए। उपस्थित अधिकारियों ने कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया, जबकि शेष आवेदनों के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए गए। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई, जिससे लोगों में जागरूकता बढ़ी। जनपद पंचायत पुसौर की अध्यक्ष श्रीमती हेमलता हरिशंकर चौहान ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि यह आयोजन ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान का एक प्रभावी मंच बनकर सामने आया है।

## 18 किलो गांजा के साथ स्कूटी और मोबाइल जब्त, तीन आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** साइबर और चक्रधरनगर पुलिस की संयुक्त टीम ने ओड़िशा से रायगढ़ गांजे की खेप लेकर आ रहे तीन तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 18 किलो गांजा जब्त किया है। आरोपियों के पास से स्कूटी व मोबाइल जब्त किया गया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार साइबर व चक्रधर नगर पुलिस ने ग्राम सम्बलपुरी मुख्य मार्ग पर नाकेबंदी करते हुए स्कूटी सवार तीन युवकों की जांच की। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम विजय एक्का पिता. बेहानू एक्का 34 वर्ष निवासी नारायणपुर मुड़ापारा लैलूंगा, हेमसागर यादव पिता उदयराम यादव 43 वर्ष निवासी नारायणपुर मुड़ापारा एवं परमेश्वर यादव पिता महेश्वर यादव 45 वर्ष निवासी फरसाटोली बागबहार बताया। तलाशी लेने पर आरोपी हेमसागर यादव के कब्जे में रखे 2 बोरे से गांजा बरामद हुआ। दोनों बोरों से



कुल 18 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद किया गया। जिसकी कुल कीमत 1 लाख 81 हजार आंकी गई है। पूछताछ में आरोपियों ने उड़ीसा से गांजा लाकर रायगढ़ में बिक्री करने की बात कही। आरोपियों के खिलाफ धारा 20, 29 एनडीपीएएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया गया है।

### पतंजलि स्टोर में दिनदहाड़े हुई उठाई गिरी, जांच जारी

## दुकान में चोरों ने काउंटर से उड़ाए 1.70 लाख, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

नगर के बीच स्थित पतंजली स्टोर से दिन दहाड़े पौने दो लाख रूपए की उठाई गिरी का मामला सामने आया है। अपराधी दुकान में अचार खरीदने के लिए आए थे। इस दौरान एक नकाबपोश ने व्यवसायी को सामान निकालने के लिए अपनी बातों में उलझाए रखा जबकि दूसरा आरोप काउन्टर खोलकर 1 लाख 70 हजार रूपए नगदी उठाकर फरार हो गया। इस घटना के बाद हडकंप मच गया है। उठाईगिरी की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फिलहाल पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही है लेकिन अब तक आरोपियों का सुराग नहीं मिल सका है।

बताया जा रहा है कि बतौली थाना रोड में संकटमोचन गुप्ता की पतंजली स्टोर्स के नाम से दुकान संचालित है। बुधवार को व्यवसायी





सीसीटीवी कैमरे में कैद संदिग्ध चोर।

संकटमोचन गुप्ता भारतीय स्टेट बैंक से सुबह 11.30 से 12 बजे के बीच 1 लाख 70 हजार रूपए निकालकर लाए थे। संचालक ने पौने दो लाख रूपए की गड्डियों को दुकान के काउन्टर में रखा था। इसी समय दुकान में दो अन्य युवक मौजूद थे जो सरसों तेल खरीदने के लिए आए थे और तेल लेने के दौरान उन्होंने संचालक को नगदी रूपए काउन्टर में रखते हुए देख लिया था। इस दौरान चोरों को काउंटर से रूपए निकालते नहीं बना। ऐसे में दोनों युवक एक बार फिर से दुकान में आए और संचालक संकटमोचन गुप्ता से अचार मांगा। संचालक जैसे ही अचार लेने के लिए गए उनमें से एक नकाबपोश युवक संचालक को अपनी बांतों में उलझाए रखा जबकि सफेद शर्ट पहने हुए युवक ने काउंटर खोलकर 1 लाख 70 हजार रूपए की गड्डी को लेकर दुकान से बाहर निकल गया। अपने साथी के जाते हुए नकाबपोश युवक भी दुकान से बाहर निकल गया और दोनों बाइक पर बैठकर फरार हो गए।

### चल रही है तलाश

घटना की सूचना मिली है। मामले में अपराध दर्ज किया गया है और आरोपी की तलाश चल रही है।

-अमोलक सिंह ढिल्लो, एएसपी सरगुजा

## ब्राउन शुगर बिक्री के आरोप में आरोपी को कैद

**अंबिकापुर।** ब्राउन शुगर बिक्री के आरोप में आरोपी को कोर्ट ने सजा सुनाई है। न्यायालय ने आरोपी को दोषी मानते हुए 6 माह 24 दिन की सजा दी और पूर्व में न्यायिक अभिरक्षा में बिताई गई अवधि को समायोजित करने का निर्देश दिया है।

न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 22 सितम्बर 2020 को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि गोधनपुर पानी टंकी के समीप एक युवक अवैध मादक पदार्थ की बिक्री के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। सूचना के बाद पुलिस ने घेराबंदी कर संदेही युवक खालपारा निवासी 34 वर्षीय प्रकाश गुप्ता आ. शिवनरायण गुप्ता को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली थी। तलाशी के दौरान युवक के हाफ पेंट की जेब से पीले रंग की प्लास्टिक पालीथिन में ब्राउन शुगर बरामद किया गया था। पुलिस ने आरोपी के पास से 10 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद करने के साथ ही उसे गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया था। ब्राउन शुगर के इस प्रकरण की सुनवाई विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट के पीठासीन अधिकारी अतुल कुमार श्रीवास्तव के कोर्ट में हुई। सुनवाई में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक नरेंद्र कुमार पांडेय ने की। इस दौरान कोर्ट ने आरोपी को दोषी मानते हुए उसे सजा सुनाई। न्यायालयीन सूत्रों के अनुसार आरोपी के न्यायिक अभिरक्षा में 22 सितम्बर 2020 से 15 अप्रैल 2021 तक कुल 6 माह 24 दिन की अवधि बिताई है। कोर्ट ने आरोपी को बिताए गए कारावास की अवधी को समायोजित करने के साथ ही 20 हजार रूपए के अर्थ दंड से दंडित किया है।

## खबर संक्षेप

### सुशासन तिहार: सिमड़ा के ग्रामवासियों ने श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देश में सुशासन तिहार के तहत ग्राम पंचायतों और नगरीय में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में दुलदुला विकास खंड के ग्राम पंचायत सिमड़ा में सुशासन तिहार के उपलक्ष्य में सामूहिक स्वच्छता श्रमदान किया गया जिसमें समस्त अधिकारी कर्मचारी ग्राम पंचायत के ग्रामीण एवं जनप्रधिनिधि उपस्थित रहे। स्वच्छता अभियान के तहत गांव के परिसर की साफ सफाई की गई और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

### खरसोता एवं किलकिला में आज लगेगा शिविर

**जशपुरनगर।** सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत 8 मई को मनोरा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत खरसोता और पत्थलगांव जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम किलकिला में शिविर आयोजित किए जाएंगे। दोनों शिविरों में 34 ग्राम पंचायत के ग्रामीण शामिल होकर अपनी मांगों और समस्याओं को प्रस्तुत कर सकेंगे। मनोरा जनपद पंचायत अंतर्गत खरसोता में आयोजित शिविर में खरसोता , गजमा, लुखी, कपरोल, मधवा, डड़गांव, हर्री, सरडीह, हर्राडीपा, ओरडीह, जरिया, बुमतेल, कांटाबेल, आस्ता, माडो, इराई के ग्रामीण शामिल होंगे। इसी तरह पत्थलगांव जनपद पंचायत अंतर्गत किलकिला शिविर में इंजको, ईला, करमीटिकरा, कुमेकेला, कुनकुरी, केराकछार, किलकिला, गोढीकला, जामजुनवानी, जोराडोल, तिलडेगा, दिवानपुर, बहनाटांगर, मुडेकेला, मिर्जापुर, सुखरापारा, सुसडेगा, सुरेशपुर के ग्रामीणजन अपनी समस्याओं एवं मागों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे।

### प्रभावित परिजन हेतु 8 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के दो मामलों में प्रभावित परिजनों को आर.बी.सी. 6-4 के तहत कुल 08 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। बगीचा तहसील अंतर्गत ग्राम कुटमा निवासी स्व. सुरजो राम का मधुमक्खी के काटने से 23 सितम्बर 2024 को मृत्यु हो गई थी। मृतक के निकटतम वारिस उनके पत्नी फिलीसीता भगत के लिए 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार पत्थलगांव तहसील अंतर्गत ग्राम पंगसुवां निवासी स्व. बृजराम बेहरा का कुएं के पानी में डूबने से 05 सितम्बर 2025 को मृत्यु हो गई थी। मृतक के निकटतम वारिस उनके पुत्र आजाद बेहरा हेतु 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। जिला प्रशासन द्वारा प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों को त्वरित राहत पहुंचाने के लिए आर.बी.सी. 6-4 के तहत आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

### कोटपा अधिनियम के तहत पान ठेलों पर चालानी कार्रवाई

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार तथा नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन एवं कलेक्टर सरगुजा के आदेशानुसार जिले में 27 अप्रैल से 11 मई तक सही दवा, शुद्ध आहार-यही छत्तीसगढ़ का आधार थीम अंतर्गत 15 दिवसीय सघन जांच अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में 6 मई को सरगुजा जिले में संयुक्त जांच टीम द्वारा पान ठेलों पर कार्रवाई करते हुए कोटपा अधिनियम के तहत 22 पान ठेलों पर चालानी कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल 1800 रूपए की चालान राशि वसूल की गई। जांच के दौरान दुकानदारों को तंबाकू एवं तंबाकू उत्पादों के सुरक्षित रख-रखाव एवं धूम्रपान निषेध संबंधी चेतावनी बोर्ड अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही नाबालिगों को तंबाकू उत्पादों का विक्रय नहीं करने हेतु सख्त हिदायत दी गई। यह कार्रवाई स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग तथा खाद्य एवं औषधि प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा की गई। जिले में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

## कौशल्या साय ने किया मरम्मत व जीर्णोद्धार कार्य का भूमिपूजन

# ईब व्यपवर्तन योजना के जीर्णोद्धार से बढ़ेगी सिंचाई सुविधा





हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुसार किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए कौशल्या साय ने कुनकुरी विकासखंड अंतर्गत ईब व्यपवर्तन योजना के मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया। इस परियोजना की कुल लागत 37 करोड़ 09 लाख 63 हजार रुपए है। परियोजना के पूर्ण होने से क्षेत्र के 10 से अधिक गांवों को बेहतर सिंचाई सुविधा का लाभ मिलेगा, जिससे किसानों की कृषि उत्पादकता में वृद्धि होगी। इस क्षेत्र के किसान धान के साथ-साथ गेहूं एवं उद्यानिकी फसलों तथा सब्जियों की खेती भी बड़े पैमाने पर करते हैं। सिंचाई सुविधा मजबूत होने से किसानों को वर्षभर खेती करने में सहायता मिलेगी और उनकी आय में भी वृद्धि होगी।

- 37 करोड़ की लागत से होगा निर्माण, 10 से अधिक गावों को होगा लाभ

इस अवसर पर श्रीमती साय ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों के हित में दृढ़ संकल्पित होकर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि हाल ही में मुख्यमंत्री द्वारा बगिया समृद्धि एम-कैड योजना का शुभारंभ किया गया है, जिसके माध्यम से 13 गांवों के लगभग 5 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानहितैषी सरकार ने इस वर्ष सिंचाई बजट में ऐतिहासिक वृद्धि करते हुए 4 हजार 400 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। साथ ही वर्षों से लंबित सिंचाई परियोजनाओं एवं जीर्णोद्धार कार्यों को पुनः गति दी जा रही है। इन योजनाओं के माध्यम से प्रदेशभर में लगभग 76 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा का विस्तार किया जाएगा।

### पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा

श्रीमती साय ने कहा कि हम किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिले और उनका जीवनस्तर बेहतर हो, इसके लिए राज्य सरकार प्रति एकड़ 21 क्विंटल और 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदी कर रही है। ग्रामीणों ने इस महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजना के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस योजना के पूर्ण होने से क्षेत्र के किसानों को खेती के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा, जिससे कृषि कार्य आसान होगा और गांवों की आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर जिला जनपद पंचायत अध्यक्ष सुशीला साय, जिला पंचायत सदस्य आरती सिंह और मालिता बाई, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष बालेश्वर यादव, जनपद सदस्य संजय कुमार, संतोष सहाय, उमेश यादव , अनूपनारायण ,शंकर यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## सड़क में डामरीकरण किया पर नहीं डाला नाली का पाइप



**जशपुरनगर।** जशपुर नगर पालिका की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगने शुरू हो गए है । नगर पालिका द्वारा जिला मुख्यालय में किस तरह काम के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है इसका प्रत्यक्ष उदाहरण वार्ड क्रमांक 16 की बरटोली से जशपुर शहर जाने वाला मार्ग है।

नगर पालिका द्वारा इस जर्जर मार्ग का डामरीकरण तो कर दिया गया पर बीच रास्ते में पड़ने वाली एक नाली को ऐसा ही कटा हुआ छोड़ दिया,जिसमे पाइप लगाया जाना था। पाइप न लगने व बीच सड़क को यू ही गड्ढा छोड़ देने के कारण इस मार्ग पर चलने वाले मोहल्ले वासियों एवं राहगीरों को काफ़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कभी भी कोई भी राहगीर हादसे का शिकार हो सकता है। साथ ही लोगों के मन में सदैव मौसमी बीमारियों के फैलने की आशंका बनी रहती है। वार्ड पार्षद और नगर पालिका के अधिकारियों का इस पर ध्यान नहीं देना समझ के परे है। बताया जाता है कि पार्षद ने इस समस्या की शिकायत नगर पालिका में की है पर अभी तक समाधान नहीं होना चर्चा का विषय है। जबकि इस समस्या का समाधान सिर्फ एक पाइप लगाकर आसानी से किया जा सकता है।

## अनधिकृत ई-डिस्ट्रिक्ट संचालन पर प्रशासन की कार्रवाई, निजी केंद्र सील



**जशपुरनगर।** प्रशासन की टीम द्वारा तहसील कार्यालय कांसाबेल के समीप संचालित निजी दुकान पर औचक जांच कर कार्रवाई की गई। जांच के दौरान पाया गया कि जयजीत एक्का द्वारा अनधिकृत रूप से ई-डिसट्रिक्ट आईडी का संचालन किया जा रहा था। संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध नागरिक आईडी के दुरुपयोग की शिकायतें भी प्राप्त हुई थी।

जांच में यह तथ्य भी सामने आया कि ग्राम पंचायत भवन कुसुमताल के लिए जारी अधिकृत ई-डिसट्रिक्ट आईडी का संचालन निर्धारित पंचायत भवन के बजाय निजी दुकान में किया जा रहा था। इससे ग्राम पंचायत क्षेत्र के नागरिकों को पंचायत स्तर पर ऑनलाइन सेवाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था तथा उन्हें अन्य पंचायतों अथवा तहसील कार्यालय तक जाना पड़ रहा था, जिससे समय और धन दोनों की अतिरिक्त हानि हो रही थी। प्रशासन को यह शिकायत भी प्राप्त हुई थी कि संबंधित संचालक द्वारा नागरिकों से निर्धारित शुल्क से अधिक राशि ली जा रही थी। साथ ही, महतारी वंदन योजना के अंतर्गत ई-केवाईसी करने के नाम पर भी लोगों से पैसे वसूले जा रहे थे तथा राशि नहीं देने पर कार्य नहीं किए जाने की शिकायतें सामने आई थीं। जबकि शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि महतारी वंदन योजना के तहत ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क है। शिकायतों की पुष्टि होने के बाद नायब तहसीलदार कांसाबेल द्वारा संबंधित केंद्र को आगामी आदेश तक तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया। प्रशासन ने समस्त लोक सेवा केंद्र संचालकों एवं ई-डिसट्रिक्ट यूजर आईडी ऑपरेटर्स को पुनः निर्देशित किया है कि वे केवल शासन द्वारा अनुमोदित एवं निर्धारित स्थान पर ही अपनी यूजर आईडी का संचालन करें। नियमों के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित संचालकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## पोषण वाटिका से बच्चे सीख रहे जैविक और आत्मनिर्भर खेती



**जशपुरनगर।** बच्चे सभी क्षेत्रों में कुशल बनें इस थीम पर प्राथमिक विद्यालय डीपाटोली कुनकुरी निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर है। प्रधान पाठक, सहायक शिक्षक, शाला समिति एवं इको क्लब ने मिलकर विद्यालय एवं बच्चों के समग्र विकास हेतु कार्ययोजना तैयार किया है तथा इस कार्ययोजना पर विगत 3 वर्षों से निरंतर कार्य किया जा रहा है, इसी का परिणाम है कि विद्यालय सुंदर, स्वच्छ एवं हरित बन गया है जो शैक्षणिक वातावरण के लिए आवश्यक है।

- कर रहे हैं, प्रत्येक मौसम में विभिन्न फसलों का उत्पादन

विद्यालय के प्रधान पाठक लव कुमार गुप्ता ने बताया कि विद्यालय हरित, सुंदर और स्वच्छ बनें इसके लिए हमने समुदाय के साथ मिलकर 120 से अधिक औषधीय, फलदार एवं फूल वाले पौधों का रोपण किया है जिसका देखभाल शिक्षकों, स्वीपर, रसोईया के साथ - साथ इको क्लब के बच्चों के द्वारा किया जाता है, वर्तमान में सभी पौधे बड़े हो चुके हैं और विद्यालय पूरी तरह से आकर्षक एवं हरित बन गया है तथा विद्यालय में लगे पपीता का फल बच्चों के लिए मिलता रहता है। स्कूली बच्चों को मिड डे मिल में अच्छा आहार मिले इस हेतु प्रधान पाठक के मार्गदर्शन में शिक्षक, रसोईया, स्वीपर एवं इको क्लब के बच्चे मिलकर प्रत्येक मौसम में पोषण वाटिका में सब्जियों एवं फल का उत्पादन करते है, बच्चे पोषण वाटिका के माध्यम से जैविक एवं आत्मनिर्भर खेती,जिम्मेदारी एवं टीम वर्क, स्वस्थ आहार में हरी सब्जियों एवं फलों के महत्व के बारे में भी सीखते हैं, इस वर्ष आलू के फसल के पश्चात रबी सीजन में प्याज की खेती की गई थी, जिसके पत्तों का उपयोग सब्जियों के रूप में किया गया तथा 50 किलोग्राम प्याज का उत्पादन हुआ है जिसका उपयोग मिड डे मिल में किया जाएगा। पोषण वाटिका प्रभारी शिक्षक महेश तिर्की प्रत्येक शनिवार बच्चों को खेती के गुर, फसलों में होने वाली बीमारियों एवं कृषि से होने वाली आमदनी की जानकारी देते हैं ताकि बच्चे बेहतर रुप से कृषि कार्य को समझकर भविष्य में व्यवसायिक रूप से समृद्ध एवं आत्मनिर्भर बन सकें।

## साढ़े 9 करोड़ की लागत से श्री नदी पर बनेगा उच्च स्तरीय पुल



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले को एक बड़ी विकासात्मक सौगात मिली है। वर्ष 2025-26 के बजट में शामिल कुनकुरी-तपकरा-लवाकेरा मार्ग पर श्री नदी में उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण कार्य के लिए राज्य शासन द्वारा 9 करोड़ 45 लाख 85 हजार रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है।यह मार्ग छत्तीसगढ़ के साथ-साथ झारखंड और ओडिशा राज्य को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग माना जाता है। पुल निर्माण होने से तीनों राज्यों के लोगों को बेहतर और सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी तथा व्यापार, रोजगार और क्षेत्रीय विकास को नई गति मिलेगी।वर्तमान में सकरा पुल की वजह से बरसात के दिनों में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। जलस्तर बढ़ने पर आवागमन बाधित हो जाता था और आए दिन हादसों की स्थिति बनी रहती थी। ग्रामीणों, राजगीरों और राहगीरों के लिए यह मार्ग जोखिम भरा बन जाता था। अब उच्च स्तरीय पुल बनने से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।स्थानीय लोगों ने बताया कि लंबे समय से इस पुल निर्माण की मांग की जा रही थी। प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद क्षेत्र में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री श्री साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार लगातार ग्रामीण और सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास के लिए कार्य कर रही है।उच्च स्तरीय पुल बनने से शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और परिवहन सुविधाएं मजबूत होंगी। साथ ही हजारों ग्रामीणों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन का लाभ मिलेगा। क्षेत्रवासियों का मानना है कि यह पुल जशपुर जिले के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

## डुमरटोली स्कूल में प्रवेश प्रारंभ




**जशपुरनगर।** सन्ना रोड स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय दास डुमरटोली में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा अभिभावकों से अपने बच्चों का समय पर पंजीयन कराने की अपील की गई है। विद्यालय में इस वर्ष कुल 171 सीटें विभिन्न कक्षाओं में रिक्त हैं। विद्यालय के शिक्षक मुकेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा 1 के लिए 40 सीट, कक्षा 2 के लिए 30 सीट, कक्षा 3 के लिए 30 सीट, कक्षा 4 के लिए 30 सीट तथा कक्षा 5वीं के लिए 36 सीट रिक्त हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय में नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण हिंदी माध्यम शिक्षा प्रदान की जा रही है। शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय लगातार प्रगति कर रहा है और जशपुर क्षेत्र के उत्कृष्ट विद्यालयों में अपनी पहचान बना रहा है। विद्यालय में शासन द्वारा संचालित सभी सुविधाएं विद्यार्थियों को निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं।

### शराब पीकर वाहन चलाने पर कोर्ट ने लगाया 11 हजार का जुर्माना

**अंबिकापुर।** शराब पीकर वाहन चलाने वाले युवक पर न्यायालय ने 11 हजार रूपए का जुर्माना लगाया है। आरोपी बाइक चालक पुलिस द्वारा चेकिंग के लिए रोकने के बाद भी फरार हो गया था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 29 अप्रैल को बतौली पुलिस टीम द्वारा देवरी रोड पर वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान टीवीएस अपाचे बाइक का चाक शराब के नशे में वाहन चलाते हुए पकड़ा गया। पुलिस ने जब बाइक चालक को रोकने का प्रयास किया तो वह नहीं रुका। ऐसे में पुलिस ने लुंड्रा के उरदर निवासी 29 वर्षीय सोनू कुमार आ. महादेव राम के खिलाफ धारा 185, 3/181, 29/194 (डी) मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी।

## कोटपा एक्ट के तहत कुनकुरी क्षेत्र में चालानी कार्रवाई, 37 चालान से 6750 रुपए वसूला



**जशपुरनगर।** षधि प्रकोष्ठ द्वारा कोटपा एक्ट-2003 के तृतीय चरण के तहत कुनकुरी क्षेत्र में सघन चालानी कार्रवाई की गई। औषधि निरीक्षक के नेतृत्व में गठित दल ने शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज दायरे में आने वाले विद्यालयों एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर कोटपा एक्ट-2003 के प्रावधानों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की। इनमें कुल 37 चालान काटे गए और 6750 रुपये की जुर्माना राशि वसूली गई। यह कार्रवाई धारा-4 सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान प्रतिबंध, धारा-6(अ) नाबालिग द्वारा तम्बाकू उत्पाद का उपयोग व बिक्री पर प्रतिबंध और धारा-6(ब) शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज दायरे में तम्बाकू उत्पाद की बिक्री पर प्रतिबंध धाराओं के अंतर्गत की गई। औषधि निरीक्षक ने दुकानदारों को धूम्रपान निषेध एवं नाबालिग को तम्बाकू उत्पाद न बेचे जाने संबंधी सूचना बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। साथ ही सार्वजनिक स्थल पर माचिस, लाइटर, ऐश ट्रे जैसी धूम्रपान को बढ़ावा देने वाली वस्तुएं काउंटर पर न रखने को कहा गया। शिक्षण संस्थान के 100 गज दायरे में तम्बाकू उत्पाद न बेचने और नाबालिगों को स्वयं या परिवार के लिए भी तम्बाकू न बेचने के कड़े निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने आमजन को बताया कि धूम्रपान और तम्बाकू सेवन कैंसर, सीओपीडी, हृदय रोग का प्रमुख कारण है। तम्बाकू के धुएं से धूम्रपान करने वाले के साथ-साथ पैसिव स्मोकिंग से आसपास के लोग भी प्रभावित होते हैं। बच्चों के माता-पिता धूम्रपान करते हैं तो बच्चे सबसे अधिक जोखिम में रहते हैं। तम्बाकू में 4000 से अधिक रसायन होते हैं, जिनमें से 250 जानलेवा हैं। कार्रवाई के दौरान सहायक औषधि नियंत्रक पीताम्बर साहू, औषधि निरीक्षक योगेश परस्ते, मनीष कंवर, कोटपा नोडल अबरार खान' सहित पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### बच्चों और युवाओं के लिए विकसित की गई विशेष सुविधाएं

# वेस्ट से बना बेस्ट पार्क: मन मोह रहीं कबाड़ से बनीं कलाकृतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने जनपद पंचायत दुलदुला के पास विकसित किए गए वेस्ट पार्क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पार्क में विकसित सुविधाओं का अवलोकन करते हुए परिसर को और अधिक आकर्षक, स्वच्छ एवं हरित बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने विशेष रूप से पार्क में व्यापक पौधरोपण और हरियाली बढ़ाने पर जोर दिया।

- हरियाली बढ़ाने और पौधरोपण करने कलेक्टर के निर्देश

यह पार्क "वेस्ट टू बेस्ट" की अवधारणा पर विकसित किया गया है, जहां सॉलिड वेस्ट एवं अनुपयोगी सामग्री से सुंदर और उपयोगी कलाकृतियां तैयार की गई हैं। पार्क में पुराने टायर, लोहे के कबाड़ एवं अन्य अनुपयोगी वस्तुओं का रचनात्मक उपयोग कर आकर्षक संरचनाएं बनाई गई हैं, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री व्यास ने अधिकारियों को पार्क में नियमित साफ-सफाई बनाए रखने, सौंदर्यीकरण कार्यों में तेजी लाने तथा आमजन की सुविधाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के नवाचार न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देते हैं, बल्कि लोगों को स्वच्छता एवं पुनर्चक्रण के प्रति भी जागरूक करते हैं। इस अवसर पर एसडीएम कुनकुरी श्री नंदजी पांडे सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। पार्क में बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले, खिलौने एवं विभिन्न सजावटी संरचनाएं तैयार की गई हैं।



पुराने टायरों से झूले बनाए गए हैं, वहीं पुराने लोहे के पार्ट्स से घोड़ा, मयूर, तितली जैसी कलात्मक आकृतियां निर्मित की गई हैं। इन कलाकृतियों ने पार्क को एक अलग पहचान दी है। इसके साथ ही युवाओं और आम नागरिकों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए पार्क में ओपन जिम की सुविधा भी विकसित की गई है, जहां लोग व्यायाम कर सकते हैं। पार्क को परिवारों एवं बच्चों के लिए मनोरंजन और स्वास्थ्य गतिविधियों का बेहतर केंद्र बनाने का प्रयास किया गया है।

### सिरिमकेला में निर्माण कार्यों का किया औचक निरीक्षण

कलेक्टर श्री व्यास ने दुलदुला जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम सिरिमकेला पहुंचकर निर्माणाधीन शासकीय प्राथमिक शाला एवं सामुदायिक भवन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दोनों निर्माण कार्यों की प्रगति का अवलोकन करते हुए अधिकारियों को कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और सभी कार्य निधारित समयसीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं।



# तय समय पर रिलीज होगी प्रभास की फिल्म स्पिरिट

**मुंबई।** प्रभास और तृप्ति डिमरी की अदाकारी से सजी फिल्म 'स्पिरिट' के मेकर्स ने साफ किया है कि यह फिल्म तय वक्त पर 5 मार्च 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हाल ही में खबरें आईं कि सलमान खान अपनी अगली फिल्म साउथ के मेकर्स के साथ बना रहे हैं। इसके निर्देशक दिल राजू होंगे। खबरें यह भी थीं कि सलमान खान अपने ट्रेंड को जारी रखते हुए इस फिल्म को अगले साल ईद के मौके पर रिलीज करने का प्लान बना रहे हैं। ऐसे में बॉक्स ऑफिस पर क्लैश से बचने के लिए 'स्पिरिट' के मेकर्स ने इसकी रिलीज 1 दिसंबर 2027 कर दी। हालांकि, अब मेकर्स ने साफ किया है कि 'स्पिरिट' 5 मार्च को ही रिलीज होगी।

लाइफ Style

# रिद्धिमा

## सबसे बड़ा चैलेंज था कुछ नया शुरू करना

45 साल की रिद्धिमा कपूर साहनी, जो ऋषि कपूर और नीतू कपूर की बेटी हैं, अब अपनी पहली फिल्म 'दादी की शादी'से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं। खास बात यह है कि कपूर फैमिली में इतनी उम्र में डेब्यू करने वाली वह सबसे बड़ी सदस्य बन गई हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

यह डेब्यू उनके लिए काफी इमोशनल है, क्योंकि इस फिल्म में वह पहली बार अपनी बेटी समारा के साथ स्क्रीन शेयर कर रही हैं। एक इंटरव्यू में रिद्धिमा ने बताया कि 45 साल की उम्र में पहली बार फिल्म के सेट पर कैमरे के सामने आना उनके लिए नया अनुभव था। उन्होंने अपनी बेटी समारा के छोटे से रोल के बारे में भी बात की। रिद्धिमा की शादी बिजनेसमैन भरत साहनी से हुई है और उनकी एक बेटी है। रिद्धिमा ने कहा, 'यह एहसास बहुत अलग और इमोशनल है। ऐसा लगता है जैसे जिंदगी का एक चक्र पूरा हो गया हो। मुझे पता है कि मेरे पापा हमेशा मेरे साथ हैं और हर फैसले में मुझे आशीर्वाद दे रहे हैं। यह सोच मुझे बहुत हिम्मत और सुकून देती है। सच कहूं तो इस उम्र में कुछ नया शुरू करना सबसे बड़ा चैलेंज था। एक नई शुरुआत में थोड़ा डर भी होता है, लेकिन उतनी ही एक्साइटमेंट भी होती है।'रिद्धिमा ने यह भी बताया कि इस फिल्म की शूटिंग के दौरान उन्होंने पहली बार अपनी बेटी को घर पर अकेला छोड़ा था। साल 2019 में न्यूयॉर्क में ऋषि कपूर के कैंसर इलाज के बाद यह पहला मौका था जब उन्होंने ऐसा किया। इस फिल्म में एक खास पल भी देखने को मिलेगा, जहां रिद्धिमा अपनी मां नीतू कपूर और बेटी समारा के साथ 'सेंटी' गाने में नजर आएंगी।



हॉलीवुड मसाला



# ब्लेक- जस्टिन के बीच सेटेलमेंट

**लॉस एंजिल्स।** अगस्त 2024 में हॉलीवुड एक्ट्रेस ब्लेक लाइवली ने साल 2024 में रिलीज हुई फिल्म 'इट एंड्स विद अस' के को-स्टार और डायरेक्टर जस्टिन बाल्डोनी पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। इसके बाद से ही यह विवाद दुनियाभर में चर्चा में रहा। हालांकि, बीते 4 मई को दोनों कलाकारों ने इस मामले पर कोर्ट के बाहर सेटलमेंट कर लिया है। बीते दिनों ब्लेक और जस्टिन के बीच चल रहे इस कानूनी विवाद में एक महत्वपूर्ण मोड़ आया।



# टॉम को है क्रोशिया का शौक जेंडाया के साथ करते हैं प्रैक्टिस

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड सेलेब्स जेंडाया और टॉम हॉलैंड काफी वक्त से अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। कथित तौर पर इस कपल ने शादी रचा ली है। हालांकि, दोनों की तरफ से इसकी पुष्टि नहीं हुई है। शादी की अफवाहों के बीच टॉम हॉलैंड हाल ही में अपनी एक हॉबी के बारे में बात करते दिखे। दरअसल, उन्हें क्रोशिया का शौक है। उनका यह शौक अब पार्टनर जेंडाया को भी हो चला है और दोनों घर पर साथ में इसकी प्रैक्टिस करते हैं। टॉम हॉलैंड ने हाल ही में यह खुलासा किया कि वे और उनकी पार्टनर जेंडाया फुरसत के पलों में घर पर साथ में क्रोशिया करना पसंद करते हैं। टॉम हॉलैंड ने हाल ही में लॉस एंजिल्स में आयोजित 'बेरो पैडल क्लासिक' इवेंट के दौरान इस बात का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि क्रोशिया करने से उन्हें मानसिक शांति मिलती है और तनाव कम होता है।



# राकेश दिखाएंगे नोरा के साथ डांस मूव्स

**मुंबई।** धुरंधर में अपने अभिनय से सुर्खियां बटोरने वाले अभिनेता राकेश बेदी लगातार अपने आगामी प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं। धुरंधर के दोनों पार्ट्स में अपने कॉमेडी टच से लोगों का दिल जीतने वाले राकेश बअब अपने डांस मूव्स दिखाने के लिए तैयार हैं। यही नहीं, वो आइटम डांस की क्वीन कही जाने वाली नोरा फतेही के साथ एक गाने पर कदमताल करते नजर आएंगे। अभिनेता ने नोरा के साथ शूटिंग करने की जानकारी देते हुए बीटीएस झलक दिखाई है। राकेश ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया है। इसमें उन्होंने बताया कि वो नोरा के साथ एक गाने की शूटिंग कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने बीटीएस झलक भी दिखाई। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम वीडियो की शुरुआत यह कहते हुए की, 'आज मैं भारत की सबसे बड़ी स्टार में से एक के साथ शूटिंग कर रहा हूं।



# शाहरुख को दिया मेट गाला में डेब्यू का श्रेय

**मुंबई।** 78वें मेट गाला में निर्माता-निर्देशक करण जौहर ने अपना डेब्यू किया। इसके साथ ही करण इस इवेंट में शामिल होने वाले पहले भारतीय फिल्ममेकर भी बन गए। मनीष मल्होत्रा के डिजाइन किए हुए आउटफिट में करण ने राजा रवि वर्मा की विरासत को दर्शाया। करण के लुक की काफी चर्चा भी रही। अपनी इस उपलब्धि का श्रेय करण ने अपने दोस्त और सुपरस्टार शाहरुख खान को दिया। शाहरुख ने पिछले साल ही मेट गाला में अपना डेब्यू किया था। साथ ही करण ने शाहरुख के साथ अपनी पक्की दोस्ती पर भी बात की। इवेंट के दौरान बातचीत में करण जौहर से शाहरुख खान के साथ उनके करीबी संबंध और दोस्ती के बारे में पूछा गया। उन्होंने कहा, 'मेरे लिए तो ये बहुत भावुक पल है। शाहरुख खान मेरे कॅरियर का एक अहम हिस्सा हैं।

टीवी मसाला




# लॉक अप 2 में गोविंदा की पत्नी सुनीता बनीं पहली कंटेस्टेंट..!

**नई दिल्ली।** कंगना रनौत का होस्ट किया गया शो 'लॉक अप' अपने दूसरे सीजन के साथ लौटने के लिए तैयार है। शो के कंटेस्टेंट्स में गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा का नाम भी आ रहा है। साथ ही, होस्ट को लेकर भी कुछ बदलाव किए गए हैं। अगर इंडस्ट्री की खबरों पर यकीन करें तो एक्टर गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा रियलिटी शो में डेब्यू करने की तैयारी में हैं। सूत्रों के मुताबिक, उन्हें 'लॉक अप' के दूसरे सीजन के लिए संपर्क किया गया है और उन्हें फाइनल भी कर लिया गया है। यह शो इस बार नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने की उम्मीद है। आगामी सीजन की शूटिंग जल्द ही शुरू होने की संभावना है, जो सुनीता का रियलिटी टेलीविजन में एक कंटेस्टेंट के तौर पर पहला अनुभव होगा। खबरों की मानें तो उन्होंने शो के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। हालांकि, सुनीता से इस बारे में कोई बयान नहीं दिया है। जो लोग इस शो से परिचित नहीं हैं, उनके लिए बता दें कि 'लॉक अप' एकता कपूर का बनाया गया एक हाई-ड्रामा रियलिटी शो है, जिसमें विवादित कंटेस्टेंट्स को एक साथ जेल में बंद कर दिया जाता है और उनसे निजी राज उजागर करने, टास्क पूरे करने और एलिमिनेशन से बचने के लिए कहा जाता है। कंगना रनौत के होस्ट किए गए पहले सीजन में मुनव्वर फारूकी विनर बने थे और यह एकता के अब बंद हो चुके स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म **ALTBalaji** पर प्रसारित हुआ था।

## तान्या ने शुरू की सीरियल की शूटिंग

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 19' फेम तान्या मित्तल इन दिनों खूब चर्चा में हैं। सलमान खान के होस्ट किए जाने वाले रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' में हिस्सा लेने के दौरान, एकता कपूर ने उन्हें अपने आगामी टीवी शो में एक रोल ऑफर किया था। शो खत्म होने के बाद, तान्या मुंबई में एकता के घर गईं और उन्होंने पुष्टि की कि वे जल्द ही साथ मिलकर काम करेंगी। अब, उनके फैंस की खुशी के लिए, तान्या ने आखिरकार बालाजी टेलीफिल्म्स के साथ अपने पहले शो की शूटिंग शुरू कर दी है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर वैनिटी वैन से एक वीडियो शेयर करते हुए अपडेट दिया है। तान्या मित्तल ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पर वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने शो की शूटिंग शुरू होने पर अपने फैंस के साथ वैनिटी वैन से मैसेज दिया। उन्होंने कहा, 'आखिरकार, बालाजी और हूनर के साथ मेरे पहले शो की शूटिंग शुरू हो गई है।



# इम्तियाज की फिल्म से टकराएगी कंगना अभिनीत भारत भाग्य विधाता

**मुंबई।** कंगना रनौत बीते कुछ दिनों से फिल्मों से ज्यादा राजनीति में सक्रिय हैं। लेकिन, अब उनके फैंस का इंतजार खत्म हो गया है, क्योंकि उनकी आने वाली फिल्म की अनाउंसमेंट हो गई है। साथ ही फिल्म की रिलीज डेट भी सामने आ गई है। कंगना रनौत की आने वाली फिल्म का नाम 'भारत भाग्य विधाता'है। मेकर्स ने इसका पोस्टर जारी कर रिलीज डेट का खुलासा किया है। भारत भाग्य विधाता 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बॉक्स ऑफिस पर इसका मुकाबला इम्तियाज अली की आगामी फिल्म 'मैं वापस आऊंगा'से होगा। इम्तियाज अली द्वारा निर्देशित 'मैं वापस आऊंगा'एक लव स्टोरी है। 'मैं वापस आऊंगा'भी 12 जून को रिलीज होगी, जिसमें दिलजीत दोसांझ, शरवरी वाघ और वेदांग रैना प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। भारत भाग्य विधाता के मेकर्स ने पोस्टर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा- 'एक साधारण लोगों की असाधारण कहानी! वो रात, जब इंसानियत डर से भी बड़ी बनकर सामने आई। जब जिम्मेदारी ने बलिदान का रूप लिया, जब एकता ने कर्तव्य निभाया और जब हिम्मत ने कई जिंदगियां बचाईं। भारत के असली हीरोज की अनकही कहानी। फिल्म में भारत के उन हीरोज की कहानी बताएगी, जो अनसुनी है। फिल्म में कंगना रनौत लीड रोल में नजर आएंगी। इसे मणिकर्णिका फिल्म्स के बैनर तले बनाया गया है। इसके लेखक और निर्देशक मनोज तापड़िया हैं।



# अमिताभ की ये पांच कॉमेडी फिल्में हैं मस्ट वॉच

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन को 'एंग्री यंग मैन' के नाम से जाना जाता है। उन्होंने अपने कॅरियर में कई ऐसी फिल्में कीं जहां वो गंभीर किरदार निभाते नजर आए। अपने गंभीर किरदारों में अमिताभ बच्चन को खूब पसंद किया गया। पर 'एंग्री यंग मैन' ने अपने करियर में कुछ कॉमेडी रोल्स भी निभाए जिन्हें दर्शकों ने उतना ही प्यार दिया। आज हम आपको अमिताभ बच्चन की 5 बेस्ट कॉमेडी फिल्मों के नाम बता रहे हैं। अगर आपने ये फिल्में नहीं देखी हैं तो आपको जरूर देखनी चाहिए।

***चुपके चुपके*** : लिस्ट में सबसे पहले अमिताभ बच्चन की फिल्म चुपके चुपके का नाम है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र और शर्मिला टैगोर नजर आई थीं। इस फिल्म को हृषिकेश मुखर्जी ने डायरेक्ट किया है। फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 8.3 है। अगर आप ये फिल्म देखना चाहते हैं तो जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं। चुपके चुपके एक रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है।



***सत्ते पर सत्ता*** : लिस्ट में दूसरा नंबर अमिताभ बच्चन की साल 1982 में रिलीज हुई फिल्म सत्ते पर सत्ता का है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन के साथ हेमा मालिनी नजर आई थीं। इस फिल्म में अमजद खान भी नजर आए थे। सत्ते पर सत्ता एक एक्शन कॉमेडी ड्रामा फिल्म है। फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 7.2 है। फिल्म को आप जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं। सत्ते पर सत्ता को राज एन सिप्पी ने डायरेक्ट किया था।

***नमक हलाल*** : लिस्ट में तीसरे नंबर पर साल 1982 में रिलीज हुई फिल्म नमक हलाल है। फिल्म में अमिताभ बच्चन के साथ शशि कपूर, वहीदा रहमान और स्मिता पाटिल जैसे कलाकार नजर आए थे। फिल्म एक एक्शन कॉमेडी ड्रामा है। इस फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 7.2 है। फिल्म को आप जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं। फिल्म को प्रकाश मेहरा ने डायरेक्ट किया है।

***हेरा फेरी*** : लिस्ट में चौथे नंबर पर अमिताभ बच्चन और विनोद खन्ना की हेरा फेरी है। फिल्म को प्रकाश मेहरा ने डायरेक्ट किया था। फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 6.6 है। यह एक एक्शन कॉमेडी फिल्म है। फिल्म साल 1976 में रिलीज हुई थी। फिल्म को आप जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।

***बड़े मियां छोटे मियां*** : लिस्ट में पांचवे नंबर पर 1998 में आई फिल्म बड़े मियां छोटे मियां है। फिल्म में अमिताभ बच्चन के साथ गोविंदा नजर आए थे। अमिताभ और गोविंदा, दोनों का इस फिल्म में डबल रोल था। फिल्म को डेविड धवन ने डायरेक्ट किया है। फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 5.9 है। इस फिल्म को आप यूट्यूब पर फ्री में देख सकते हैं।

## मेट गाला 2026 में इस बार सेलेब्स के आउटफिट्स में 'कला' की देखने को मिली झलक

# हेइडी क्लम से लेकर जेना ओर्टेगा तक, बॉलीवुड से प्रेरित रहा इन सेलेब्स का लुक

*मुंबई। मेट गाला 2026 में इस बार सेलेब्स के आउटफिट्स में 'कला' की झलक देखने को मिली। मगर कई रेड कारपेट अपीयरेंस ऐसे भी थे जिनकी तुलना फैंस ने बॉलीवुड एक्टर्स के लुक से कर दी। हेइडी क्लम के लुक से लेकर कैटी पेरी के मास्क तक इवेंट में भारतीय फैंस को सब कुछ बॉलीवुड से इंस्पायर्ड लगा। कुछ यूजर्स ने इसके शानदार कनेक्शन भी निकाले।*



### हेइडी और ऋतिक

हेइडी क्लम, मेट गाला इवेंट में लाइव स्टैच्यू बनकर पहुंचीं। संगमरमर की मूर्ति जैसा उनक यह लुक देखकर फैंस को ऋतिक रौशन की याद आ गई। फिल्म 'धूम 2' के एक सीन में ऋतिक ने म्यूजियम से हीरा चुराने के लिए खुद को इसी तरह मूर्ति के रूप में ढाला था।

### कैटी और राज

कैटी पेरी के मास्क वाले लुक की मेट गाला 2026 में खूब चर्चा रही। स्टेला मैककार्टनी के डिजाइन किए हुए गाउन और फेंसिंग से प्रेरित मास्क में पहुंचीं कैटी का यह लुक इवेंट में चर्चा का विषय रहा। फैंस ने इसकी तुलना शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा के स्टाइलिश मास्क लुक से की।

### जॉर्डन और विक्रम बेताल

निर्माता जॉर्डन रोथ ने मेट गाला 2026 के लिए मानव आकृति से जुड़ा डिजाइन चुना। उन्होंने एक मूर्तिकलानुमा ड्रेस पहनी जिसमें उन्होंने अपनी पीठ पर एक और शख्स को लदा दिखाया। फैंस ने उनका यह लुक अरुण गोविल के शो 'विक्रम बेताल' से इंस्पायर्ड बताया।

### कॉनर और रणवीर

कॉनर स्टोरी ने एंथनी वैकारेलो द्वारा डिजाइन किए गए सेंट लॉरेंट आउटफिट को मेट गाला के रेड कार्पेट के लिए फाइनल किया। टोरी ने अपने लुक में ब्लैक सूट के साथ एक लहराता हुआ पोल्का-डॉट स्कार्फ पेयर किया। उनके इस लुक की तुलना रणवीर सिंह के एक पुराने लुक से की गई। इसमें रणवीर भी पोल्का डॉट प्रिंट शर्ट में नजर आए।



### हैली और दीपिका

जस्टिन बीबर की पत्नी हैली बीबर ने भी मेट गाला में शिरकत की। उन्होंने गोल्डन टॉप के साथ नेवी ब्लू स्कर्ट मैच की और साथ ही नेवी ब्लू स्कैंडिनेवियाई स्कार्फ कैरी किया। उनके इस अंदाज की तुलना फैंस ने दीपिका पादुकोण से की। इस लुक को देखकर फैंस को दीपिका की फिल्म 'ये जवानी है दीवानी' के 'बदतमीज दिल' से उनका लुक याद आ गया।

## खबर संक्षेप

### कन्या विवाह में प्रभारी मंत्री होंगे शामिल

**सारंगढ़।** जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा के मुख्य आतिथ्य में 8 मई को सुबह 11 से 1 बजे तक सारंगढ़ के मंडी प्रांगण में मुख्यमंत्री कन्या विवाह होगा।

### गुणवत्ता और समय में सौंदर्यीकरण की मांग

**पुसौर।** नगर पंचायत अध्यक्ष मानी मोहित सतपथी एवं पार्षदों के मांग पर वित्तमंत्री ओपी चौधरी के ड्रीम प्रोजेक्ट अंतर्गत पुसौर के कई निर्माण कार्यों के साथ यहां के चंदन तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य इन दिनों चल रहा है जो संबंधित ठेकेदार द्वारा इंजीनियर एवं अधिकारियों के दिशा निर्देश निर्देश में जारी है। उक्त तालाब के सौंदर्यीकरण तथा निस्तार सुविधा प्राप्त करने वाले लोगों सहित अन्य जन समान्य काफी संवेदनशील है ताकि उक्त तालाब सही समय में गुणवत्ता पूर्ण निर्माण हो सके। इनके मुताविक तालाब के सौंदर्यीकरण में प्रयुक्त सामग्री गुणवत्तायुक्त नहीं है साथ ही वह प्राक्कलन के अनुसार नहीं बन रहा है जिसके लिए लोगों में असंतोष है। सीएमओ ललित साहू ने बताया कि अभी तक ऐसी कोई शिकायत नहीं मिली है।

### 9 मई को लगेगी नेशनल लोक अदालत

**सारंगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा नई दिल्ली के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में अधीनस्थ न्यायालय से उच्च न्यायालय तक के सभी न्यायालयों में शनिवार 09 मई को इस वर्ष का द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सुलह समझौता से निराकृत किए जाएंगे। इस संबंध में न्यायालयों में पंजीकृत प्रकरणों के दोनों पक्षकारों को कोर्ट द्वारा मध्यस्थता की सूचना जारी किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत के संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय से सम्पर्क कर जानकारी ली जा सकती है। नेशनल लोक अदालत के संबंध में सबंधित व्यक्ति माननीय न्यायालयए राजस्व विभाग के कलेक्टर, अपर कलेक्टर, एसडीएम और तहसीलदार के माननीय न्यायालय, समस्त बैंक, पुलिस विभाग, नगर निगम, नगरपालिका,नगर पंचायत, बीएसएनएल, विद्युत विभाग आदि के पेंडिंग कर और बिल भुगतान कर सकते हैं।

### शिविर में शामिल होंगे प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा

**सारंगढ़।** जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा के मुख्य आतिथ्य में 8 मई को सुशासन तिहार शिविर बिलाईगढ़ ब्लॉक के बलौदी क्लस्टर के ग्राम पंचायत झुमका के स्कूल परिसर में अपरान्ह 3 से शाम 6 बजे तक आयोजन किया जाएगा, जिसमें ग्राम बछौरडीह, बम्हनपुरी, चकरदा, झुमका, कोदवा, मधाईभांठा, मोहतरा स, पिकरीपाली, सेन्दूरस, तिलाईपाली, बलौदी, बालपुर, जैतपुर, कोसमकुण्डा, कोट, ओडकाकन, पण्ड्रीपाली, पेण्ड्रावन, सरधाभांठा, टिहलीपाली अमोदी, चोरभट्ठी, मनपसार, मुड़पार शामिल हैं। इसमें जिले के नागरिक अपनी मांग, सुझाव और शिकायत प्रशासन को दे सकते हैं। सुशासन तिहार 10 जून के मध्य जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जायेगा। नगरीय निकायों में 8 मई को सुशासन तिहार शिविर जिले के नगर पंचायत बिलाईगढ़ के वार्ड 8, ,10,11,12,13 और 14 के लिए वार्ड 14 स्थित देवांगन समाज समलाई मंदिर के पास और बरमकेला के वार्ड 4 के लिए वार्ड 4 के चौपाल वार्ड चनामुड़ा बस्ती में आयोजित किया जाएगा।

**NAME CORRECTION**

It is informed to the general public that I, NO. 10183467N Sep. KISHAN LAL KOSHARIA, 111 INF BN (TA) KUMAON C/O 56 APO, have found that my Mother's name has been wrongly recorded in the Military Records as SAHARTEEN BAI.My Mother's correct name is SAHATRIN, which is recorded in the Aadhaar Card. Therefore, in future my Mother's name should be recognized by her correct name that is SAHATRIN in all Military, Government and other documents.

**NO. 10183467NSEP.
KISHAN LAL
KOSHARIA111
INF BN (TA) KUMAON
C/O 56 APO**

### रविदास मोहल्ले की घटना, मासूमों के सिर फूटे, महिलाओं से अभद्रता

# 15 से अधिक लोगों ने घर घुसकर महिला बच्चों से की मारपीट, थाने में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

नगर पंचायत बिलाईगढ़ के वार्ड क्रमांक 10 स्थित रविदास मोहल्ला में 05 मई दोपहर 2 बजे हुई भयावह मारपीट की घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। पीड़ित परिवार ने ग्राम छपोरा के 15 से अधिक लोगों पर संगठित होकर घर में घुसने, महिलाओं बच्चों पर जानलेवा हमला करने, गाली गलौज, तोड़फोड़ और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। घटना के बाद मोहल्ले में भय और आक्रोश का माहौल है।

पीड़ित परिवार द्वारा 05 मई को थाना बिलाईगढ़ में दिए गए आवेदन के अनुसार आरोपी अविनाश भूपति, शेषनारायण, राहुल हिरवानी, किशन हिरवानी, सूरज निराला, रघु हिरमानी, टीका निराला, गुड्डा हिरवानी, हरीश निराला सहित अन्य लोग डंडा, पत्थर और हथियारनुमा सामान लेकर अचानक उनके घर पहुंचे और पूरे परिवार पर हमला बोल दिया। आरोप है कि हमलावरों ने घर में घुसते ही महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को निशाना बनाया और बेरहमी से मारपीट शुरू कर दी और सड़क पर घसीटते हुए लाया गया। घटना में मासूम अंश रत्नाकर के सिर में गंभीर चोट आई है, जबकि एक अन्य बच्चे के हाथ की कलाई और अंगुलियों में गंभीर चोट बताई जा रही है। महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार, धक्का मुक्की और गंदी गालियां देने का भी आरोप लगाया गया है। सीएचसी बिलाईगढ़ में





थाना पहुंचे पीड़ित और मारपीट करते बदमाश।

अमित कुमार रत्नाकर का एक्सरे कराने पर पैर में गंभीर चोट आने और हड्डी टूटने की बात सामने आई है। परिवार का कहना है कि कई लोगों को अंदरूनी चोटें आई हैं जिनका उपचार जारी है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि हमला पूरी तरह सुनियोजित था और आरोपी समझाने के नाम पर नहीं बल्कि दबदबा कायम करने और आतंक फैलाने की नीयत से बिलाईगढ़ पहुंचे थे। परिवार ने सवाल उठाया कि यदि विवाद सुलझाना ही उद्देश्य था तो ग्राम सरपंच, समाज प्रमुख या जिम्मेदार लोगों को साथ लाया जा सकता था, फिर 15 से अधिक लोगों की भीड़ लेकर आने का क्या औचित्य था। घटना के दौरान आरोपी परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए भागने लगे, तभी घर के पुरुष सदस्य मौके पर पहुंचे और कुछ आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया। बताया जा रहा है कि टीका निराला, सूरज और अविनाश को पकड़कर थाना तक लाया गया। मामले ने अब राजनीतिक रंग भी लेना शुरू कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक आरोपियों को बचाने के लिए कुछ जनप्रतिनिधियों और नेताओं की थाना में लगातार आवाजाही देखी जा रही है। काउंटर केस दर्ज कराने और मामले को कमजोर करने थाना में आरोपियों के पक्ष में प्रस्तुत आवेदन से दबाव बनाए जाने की चर्चाएं भी तेज हैं। इससे पीड़ित परिवार में भारी आक्रोश है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि दिनदहाड़े किसी परिवार के घर में घुसकर महिला और बच्चों

> दोनों पक्षों का लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। जांच उपरांत आगे की कार्रवाई की जाएगी।
>
> **राजेश चंद्रवंशी, थानेदार बिलाईगढ़।**

तक पर हमला किया जाएगा और फिर राजनीतिक दबाव में आरोपियों को बचाने की कोशिश होगी तो आम नागरिकों का कानून पर विश्वास कमजोर होगा। लोगों ने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर आरोपियों पर हत्या के प्रयास, घर में घुसकर हमला, महिलाओं से अभद्रता, बलवा और धमकी जैसी गंभीर धाराओं के तहत कठोर कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पूरे मामले को लेकर बिलाईगढ़ में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है।



## कोटपा अधिनियम का उल्लंघन, 67 से अधिक संस्थानों पर चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

औषधि स्वास्थ्य एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा तंबाकूयुक्त पदार्थो के अवैध बिक्री की जांच करने दुकानों में दबिश दी गई। इस दौरान पान मसाला, बीडी सिगरेट व तंबाकू के अवैध बिक्री की जांच की गई। इस दौरान कोटपा अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए 67 संस्थानों पर चालानी कार्रवाई की।

ज्ञात हो कि कोटपा अधिनियम के तहहत संयुक्त टीम द्वारा जांजगीर चांपा जिले के नवागढ़, बम्हनीडीह ब्लॉक , एवं अकलतरा ब्लॉक मे पान दुकान, बस स्टैंड , रेलवे स्टेशन, स्कूल परिसर के समीप तम्बाकू एवं सिगरेट की बिक्री करने के 55 मामले सामने आए। जिस पर औषधि प्रशासन की टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए 6 हजार से अधिक का जुर्माना वसूल किया गया। साथ ही भीड़भाड वाले स्थानों पर बीडी, सिगरेट, पान मसाला की बिक्री नहीं करने दुकान संचालकों को निर्देशित किया गया। सही दवा शुद्ध आहार यही छत्तीसगढ़ का आधार अभियान के तहत जिले में कोटपा एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की गई। इसी प्रकार सक्ती जिले के बाराद्वार क्षेत्र में औषधि निरीक्षक दुर्गेश कैवर्त एंव आरक्षक अयूब खान एवं राजेश्वर कुर्रे की टीम द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर अवैध रूप से तंबाकू पदार्थो के विक्रय के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया।अभियान के अंतर्गत बाराद्वार में संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों की पहचान कर वहां गुटखा, बीड़ी, सिगरेट, पान मसाला, जर्दा तथा अन्य तंबाकू उत्पादों की अवैध बिक्री पर रोक लगाने हेतु कड़ी कार्यवाही की गई इन स्थानों पर कई विक्रेताओं को कोटपा एक्ट के प्रावधानों का उल्लंघन करते पाया गया, जिनके विरुद्ध मौके कुल 12 चालानी कार्रवाई की गई और 2400 रुपये वसूल किए गए। साथ ही दुकानदारों को धूम्रपान संबंधी चेतावनी चिपकाने एवं सार्वजनिक रूप से धूम्रपान के लिए लाइटर या माचिस नहीं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। कुल मिलाकर देखा जाए तो पुलिस औषिध एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जांजगीर एवं सक्ती जिले में कोटपा अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए 67 दुकान संचालकों से 8 हजार 4 सौ रुप का जुर्माना वसूल किया गया। सयुक्त टीम में सहायक औषधि नियंत्रक रविंद्र कुमार गेंदले औषधि निरीक्षक हितेंद्र कुमार बांबोड़े औषधि निरीक्षक नेहा मिंज दुर्गेश कैवर्त्य के साथ स्वास्थ्य एवं पुलिस प्रशासन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

> **औषधि स्वास्थ्य एवं पुलिस प्रशासन ने दबिश देकर की जांच**



## पुसौर के डिहीपारा में नाम यज्ञ, निकली कलश यात्रा

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर के डिहीपारा में पिछले कई वर्षो से बैषाख माह में अष्टप्रहरी नाम यज्ञ का आयोजन होता रहा है। डिहीपारा इस आयोजन को लेकर काफी संवेदनशील रहते हैं और जब आयोजन होता है तो इसमें अपने संबंधितों को भी शामिल होने के लिए नेवता देते हैं। नामयज्ञ के पहले विधिवत कलश आवाहन हेतु अघ्र्य लेने सैकडों की संख्या में महिलाएं सिर में कलश लेकर बडे तालाब पहुंचे जिनके सामने मधुर कीर्तन का भव्य दर्शन लोगों ने किया है। नाम यज्ञ के बीच उक्त मोहल्ले के लोग बाहर से कई किर्तन पार्टीयों को आमंत्रित किए थे जिन्होंने अपने अपने गायकी से भक्तिमय माहौल देने में कामयाब रहे जिसे नगर परिक्रमा के दिन लोगों ने इजहार किया। समापन के अवसर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं पूर्व उपाध्यक्ष मोहित सतपथी तथा पूर्व नगर अध्यक्ष किसोर पहुंचे थे जिन्होने सर्वप्रथम भगवान के समक्ष नगर के खुशहाली के लिए पूजा अर्चना किया तथा आये हुए किर्तन मंडलियों का सराहना किया।

## अघोरेश्वर भगवान राम विद्या मंदिर बनोरा का परीक्षा परिणाम शानदार



**रायगढ़।** अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट बनोर के अंतर्गत संचालित अघोरेश्वर भगवान राम विद्या मंदिर, बनोरा का कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम इस वर्ष उत्कृष्ट रहा है। विद्यालय से कुल 47 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से 34 छात्र छात्राएं' सफल रहे। सफल विद्यार्थियों में 23 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी तथा 9 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी में सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय की छात्रा दिशा गुप्ता पिता राजेश गुप्ता, जामगांव ने 96.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं यामिनी चौहान पिता श्यामलाल चौहान, डूमरपाली ने 93.66 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अन्य विद्यार्थियों में हर्षित गुप्ता 85.5 प्रतिशत, वनिता राठिया 83.16 प्रतिशत, श्वेता गुप्ता 77.16 प्रतिशत, अमृता गुप्ता 76.5 प्रतिशत, सच्चिदानंद सा 73.16 प्रतिशत, कीर्ति विशाल 72.66 प्रतिशत तथा चंद्रशेखर हाती 72.66 प्रतिशत शामिल हैं। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। प्राचार्य ने कहा कि प्रातः स्मरणीय परमपूज्य पीठाधीश्वर बाबा प्रियदर्शी राम के आशीर्वाद और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह परिणाम संभव हुआ है।

### जसपुर के 2 बच्चियों के पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्ति के बाद होगी प्रक्रिया

**सारंगढ़।** उप तहसील कोसिर के ग्राम जशपुर निवासी संतोष जाति मरार के दो पुत्रियों क्रमशः करीना उम्र 6 वर्ष और चांदनी उम्र 8 वर्ष की महानदी में जसपुर मुख्य बस्ती से कछार जसपुर जाने के दौरान पानी में डूबने से 04 मई को मृत्यु हो गई हैए जिसका पोस्टमार्टम दिनांक 5 मई को जिला चिकित्सालय सारंगढ़ में कराया गया है। वर्तमान में जिला चिकित्सालय से पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त नहीं होने हुआ है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु पानी में डूबने से होने की पुष्टि होने पर राजस्व पुस्तक परिपत्र आरबीसी 6.4 के तहत प्रकरण प्रक्रिया किया जाएगा और आपदा में प्रति व्यक्ति 4 लाख रुपये का सहायता राशि प्रदान किया जाएगा।

### दिव्यांग नेहा को मौके पर ही मिली ब्लाइंड स्टिक

**रायगढ़।** संवाद से समाधान थीम पर आयोजित सुशासन तिहार के अंतर्गत लैलूंगा विकासखंड के ग्राम झगरपुर में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में प्रशासन की तत्परता का सकारात्मक उदाहरण देखने को मिला। शिविर में दिव्यांग बालिका नेहा अपनी माता हेमंती कुम्हार के साथ समाज कल्याण विभाग के स्टॉल पर पहुंची और चलने में हो रही परेशानी बताते हुए ब्लाइंड स्टिक के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। आवेदन प्राप्त होते ही विभागीय अमले ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर ही उसका निराकरण किया और नेहा को तत्काल ब्लाइंड स्टिक उपलब्ध करा दी। ब्लाइंड स्टिक मिलने से अब नेहा को चलने में सहूलियत होगी, जिससे वह अपने दैनिक कार्य आसानी से कर सकेगी। गौरतलब है कि सुशासन तिहार के तहत जिले भर में शिविर आयोजित कर आमजन से सीधे संवाद स्थापित किया जा रहा है तथा उनकी समस्याओं का यथासंभव मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है।

## टॉपर्स छात्र-छात्राओं को कलेक्टर ने किया सम्मानित

**सारंगढ़।** सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के सीजी बोर्ड के 10वी और 12वी परीक्षा के टापटेन में स्थान बनाने वाले बच्चो को गत दिनो कलेक्टर डां.संजय कन्नौजे ने सम्मानित किया। इस सूची में जिले भर के विभिन्न स्कूलो के छात्र छात्राओ ने अपना स्थान सुनिश्चित किया

> ■ 10वी में जिले में हेमंत पटेल, गोपी पटेल, लिसा पटेल और मनीषा नायक ने बनाया स्थान

लेकिन मोना माडर्न स्कूल बरमकेला के 8 बच्चो ने जिले की टापटेन में स्थान बनाकर अपना लोहा मनवाया। मोना माडर्न स्कूल के ही छात्र हेमंत पटेल ने प्रदेश की मेरिट लिस्ट में 97-50 प्रतिशत अंको के साथ अपना स्थान बनाकर जिले सहित बरमकेला का नाम रोशन किया है। कलेक्टर डा. संजय कन्नौजे ने इस शानदार सफलता पर प्रतिभावान छात्र छात्राओ को शुभकामनाएं प्रदान किया है।

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के मोना माडर्न स्कूल बरमकेला के छात्र छात्राओ ने शानदार सफलता प्राप्त किया है। संस्था के छात्र हेमंत पटेल ने इस वर्ष कक्षा 10वी में 97.50 फीसदी अंक प्राप्त करते हुए प्रदेश की मेरिट लिस्ट में 10वां स्थान तथा जिले में पहला स्थान प्राप्त किया है। वही सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में कक्षा 10वी में टापटेन में अपना स्थान सुनिश्चित करने वाले छात्र-छात्राओ में मोना माडर्न स्कूल बरमकेला से हेमंत पटेल 97-50 फीसदी अंक के साथ पहलाए गोपी पटेल 96.83 प्रतिशत अंक के साथ 4था, लिसा पटेल 96 प्रतिशत अंक के साथ 7वां, मनीषा नायक 95-67 प्रतिशत अंको के साथ 9वां स्थान प्राप्त किये है। वही 12वी में सारंगढ़.बिलाईगढ़ जिला में पूनम पटेल नें 95.40 प्रतिशत अंको के साथ जिले में 2रा स्थान, लक्ष्मी चौधरी ने 95.20 प्रतिशत अंको के साथ जिले में 3रा स्थान, लीना वर्मा और प्रेमसागर पटेल ने 94-60 फीसदी अंको के साथ संयुक्त रूप से 6वां स्थान प्राप्त किया। इस शानदार परिणाम पर सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में मंगलवार को कलेक्टर डां संजय कन्नौजे ने प्रतिभावान छज्ञ-छात्राओ को सम्मानित किया।




### केन्द्रीयकृत परीक्षा में अभिनव का परिणाम उत्कृष्ट

**पुसौर।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा केन्द्रीयकृत परीक्षा सत्र 2025-26 का घोषित 5वीं एवं 8वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में अभिनव विद्या मंदिर पुसौर का शत प्रतिशत रहा। कक्षा 5वीं में लोकेश गुप्ता 97.5 बीनस गुप्ता 96 प्रतिशत, शीतल खम्हारी 95.5 प्रतिशत, ईशा मेहर 95 प्रतिशत संध्या प्रजापति 95 प्रतिशत, डिलेश्वर यादव 93.5 प्रतिशत निखिल गुप्ता 93.5 प्रतिशत, रिया नन्दे 93.5 प्रतिशत, गुंजन साहू 93 प्रतिशत,शुभम प्रधान 93 प्रतिशत, आस्था डनसेना 92 प्रतिशत, खूशबु सिदार 92 प्रतिशत, चारूलता गुप्ता 91.5 प्रतिशत,अंक प्राप्त किए वहिं कक्षा 8वीं में अंकिता पटेल 94.5 प्रतिशत, अपूर्वा गुप्ता 94.5 प्रतिशत,पलक साव 94 प्रिया गुप्ता 93.83 प्रतिशत, ईशा पटेल 93.17 प्रतिशत, अरमान गुप्ता 92.83 प्रतिषत अनिता पटेल 92.5 प्रतिशत,विधि महानंदिया 92 प्रतिशत, मनीषा साव 91.5 प्रतिशत,शनि सिदार 90.33 प्रतिशत,अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। इस उपलब्धि पर शिक्षण समिति के अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय उपाध्यक्ष डोलेश्वर गुप्ता समेत अन्य ने बच्चों को बधाई दी।

## बरमकेला नगर पंचायत में सुशासन तिहार, 700 से अधिक मिले आवेदन





**बरमकेला।** नगर पंचायत बरमकेला में सुशासन तिहार शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में नागरिक पहुंच रहे हैं। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर आमजनों की समस्याएं सुन रहे हैं तथा प्राप्त आवेदनों के निराकरण की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। नगर पंचायत क्षेत्र सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोग अपनी समस्याओं एवं मांगों को लेकर शिविर में पहुंच रहे हैं।

बरमकेला में आयोजित शिविर में अब तक दो दिनों के भीतर 700 से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। प्राप्त आवेदनों में मूलभूत सुविधाओं, राजस्व प्रकरण, राशन कार्ड, पेंशन, विद्युत समस्या, स्वास्थ्य सुविधा, आवास योजना, मजदूरी भुगतान, सामाजिक सुरक्षा योजना तथा विभिन्न प्रमाण पत्रों से संबंधित मांगें प्रमुख रूप से शामिल हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि आम जनता शासन की इस पहल को गंभीरता से लेते हुए अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ शिविरों में पहुंच रही है। 06 मई की स्थिति में नगर पंचायत बरमकेला में 261 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें 245 मांग संबंधी तथा 16 शिकायत संबंधी आवेदन शामिल हैं। विभागवार प्राप्त आवेदनों में नगर पंचायत विभाग में सबसे अधिक आवेदन दर्ज किए गए। नगर पंचायत से संबंधित कुल 145 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 141 मांग एवं 4 शिकायत आवेदन शामिल रहे। इन आवेदनों में साफ सफाई, नाली निर्माण, पेयजल व्यवस्था, सड़क मरम्मत, स्ट्रीट लाइट, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा अन्य नागरिक सुविधाओं से संबंधित मांगें प्रमुख रहीं।

## पुसौर के वार्ड क्रमांक 1, 2 में जन समस्या निवारण शिविर

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर के वार्ड क्रमांक 1 और 2 में संयुक्त रूप से बोरोडीपा में बीते बुधवार को सुशासन तिहार के तहत जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन हुआ। इस संबंध में सीएमओ ललित साहू ने बताया कि पुसौर में आयोजित हो रहे जन समस्या निवारण शिविरों के लिए विधिवत नोडल अधिकारी मुमताज अली और सहायक नोडल अधिकारी संदीप पटेल की नियुक्ति की गई है जो अन्य कर्मचारियों के साथ शिविरों में आवेदन पत्र एकत्र कर रहे हैं।

बोरोडीपा के उक्त शिविर में नगर अध्यक्ष मानी मोहित सतपथी एवं पूर्व नगर उपाध्यक्ष मोहित सतपथी भी मौजूद रहे वही वार्ड पार्षद फागुलाल गुप्ता एवं पप्पू यादव भी रहे। उक्त कार्यक्रम के बीच मोहित सतपथी ने आ रहे आवेदकों के आवेदन को लेते हुए शासन के कल्याणकारी योजना यथा महतारी वंदना की राशि, आवास, चावल सहित अन्य प्रदाय किए जा रहे सुविधा की जानकारी ली जिसमें पाया कि सभी लोगों को योजना का लाभ मिल रहा है। शिविर में 3 सार्वजनिक सुविधा के लिए आवेदन पत्र प्राप्त हुए साथ ही 17 आवेदन व्यक्ति आवेदन रहे जो आवास प्राप्त करने, नया राशन कार्ड बनाने, सामाजिक सुरक्षा पेंशन दिलाने के रहे।





